कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण /2021 दिनांक 04.01.2021 द्वारा श्री जीतमल पणदा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, समकक्ष प्रधानाचार्य–राउमावि कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा, बांसवाड़ा का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीवाखूंटा जिला बांसवाड़ा किया गया था जिसके विरूद्ध श्री जीतमल पणदा द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 714/2021 शीशराम बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई ।

अपील संख्या 714/2021 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 01.02.2021 द्वारा अपीलार्थी को अपनी व्यक्तिगत कठिनाईयों के सम्बन्ध में 2 सप्ताह की अवधि में सक्षम अधिकारी के समक्ष अपना अभ्यावेदन पेश करने एवं सक्षम अधिकारी द्वारा उपर्युक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे विधि अनुसार, 15 दिवस के भीतर एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) प्रसारित करते हुए निस्तारित किये जाने एवं ऐसे निस्तारण की सम्यक् सूचना अपीलार्थी को प्रदान किये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। उक्तानुसार अपीलार्थी के अभ्यावेदन को सक्षम अधिकारी द्वारा निस्तारित किये जाने तक विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 का क्रियान्वयन अपीलार्थी के सम्बन्ध में माननीय अधिकरण द्वारा स्थगित रखा गया।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में अपने पुत्र की दिव्यांगता के आधार पर अपना स्थानान्तरण आदेश निरस्त कर पुनः अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, समकक्ष प्रधानाचार्य, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा, बांसवाडा अथवा राउमावि ताम्बेसरा जिला बांसवाड़ा में प्रधानाचार्य पद पर पदस्थापित किये जाने की मांग की गई।

अपीलार्थी के अभ्यावेदन का माननीय अधिकरण के निर्णय एवं राज्य सरकार एवं विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनकी मांग पर विचार किया गया। प्रकरण में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय एवं अपीलार्थी की प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अपीलार्थी श्री जीतमल पणदा के अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उनका समायोजन उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर राउमावि ताम्बेसरा जिला बांसवाडा किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/जीतमल/714/2021/174 **दिनांकः** 18/2/2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, उदयपुर संभाग, उदयपुर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, बांसवाड़ा।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, बांसवाड़ा।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. श्री जीतमल पणदा, स्थानान्तरणाधीन प्रधानाचार्य, राउमावि जीवाखूंटा जिला बांसवाड़ा।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)